आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 27.03.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रीय महिला आयोग देश के हर जिले में विवाह पूर्व परामर्श केंद्र खोलेगा।
- चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच के लिए यात्रा रूट पर पचास से अधिक स्क्रीनिंग सेंटर बनाये गये हैं।
- रुद्रप्रयाग जिले में छह माध्यमिक विद्यालयों को कलस्टर आवासीय विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा।
- टिहरी के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने चंबा विकासखंड की ग्राम पंचायत नकोट में रात्रि चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना।

विवाहपूर्व परामर्श केंद्र

राष्ट्रीय महिला आयोग ने कहा है कि एक नई पहल के रूप में देश के हर जिले में विवाहपूर्व परामर्श केंद्र स्थापित किया जाएगा। पटना में मीडिया से बातचीत में महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोग ने इस नई पहल की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि 11 राज्यों में अब तक इस तरह के 23 केंद्र खोले जा चुके है। श्रीमती राहटकर ने कहा कि ये विवाहपूर्व परामर्श केंद्र विवाह करने वाले जोड़ों की मदद करेंगे।

चारधाम स्वास्थ्य विभाग

आगामी तीस अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है। विभाग ने चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच के लिए चारधाम यात्रा रूट पर पचास से अधिक स्क्रीनिंग सेंटर बनाये गये हैं। चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी निदेशक डॉक्टर हरीश चंद्र सिंह मार्तोलिया ने सभी श्रद्धालुओं से यात्रा शुरू होने से पहले अपनी स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की है। साथ ही यात्रा के दौरान आवश्यक दवाइयां लाने और स्वास्थ्य–धाम पोर्टल में भी पंजीकरण कराने की अपील की है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम

दिव्यांगजनों को बेहतर और तकनीकी ज्ञान देकर मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, देहरादून में आज से पांच दिवसीय फैकल्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राज्य दिव्यांगजन आयुक्त गौरव सिंघल ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्पष्ट आदेश है कि प्रदेश के सभी दिव्यांगजनो को प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग दी जाए, जिसके लिए नीति तैयार की जा रही है। इसके अलावा सभी दिव्यांगजनों को निःशुल्क उपकरण दिए जा

रहे हैं। संस्थान के वरिष्ठ शोध अधिकारी, तकनीकी, इंजीनियर मनीष वर्मा ने बताया कि 31 मार्च तक चलने वाली इस कार्यशाला में विभिन्न स्थानों से आए विशेष शिक्षकों को तकनीकी ज्ञान के बारे में जानकारी दी जा रही है।

कलस्टर आवासीय विद्यालयों

प्रदेश में प्राथमिक से लेकर माध्यमिक सरकारी विद्यालयों में घटती छात्र संख्या को बढ़ाने, गुणवत्तापरक शिक्षा और सुविधाओं के लिए अब ब्लॉक स्तर पर कलस्टर आवासीय विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। इसी कड़ी में रुद्रप्रयाग जिले में एक जीजीआईसी सहित छह माध्यमिक विद्यालयों को कलस्टर आवासीय विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां कक्षा–कक्ष निर्माण, कंप्यूटर लैब, आर्ट एंड क्राफ्ट कक्ष सहित अन्य सुविधाओं के लिए शासन से साढ़े ग्यारह करोड़ से अधिक की धनराशि जारी की गई है। पहले चरण में तीन विद्यालयों में जरूरी निर्माण कार्य शुरू हो गए हैं। जिले में अब भी 40 से अधिक प्राथमिक स्कूल ऐसे हैं, जहां 10 से कम छात्र पंजीकृत हैं। कई माध्यमिक विद्यालयों में भी छात्र संख्या 50 से कम है, जिससे इनके अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। मुख्य शिक्षा अधिकारी, प्रमेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि कलस्टर आवासीय विद्यालय व्यवस्था से सरकारी शिक्षा गुणवत्तापूर्ण और संसाधनपूर्ण होगी। साथ ही यहां छात्र संख्या बढ़ने के साथ नई शिक्षा नीति के तहत सभी संसाधन भी छात्र–छात्राओं को मिल सकेंगे। इसके अलावा इन विद्यालयों में दूरस्थ गांवों से आने वाले छात्र–छात्राओं के आवास की व्यवस्था भी की जाएगी। जिले में छह विद्यालयों को कलस्टर आवासीय विद्यालय के रूप में चुना गया है, जिसमें पहले चरण में चयनित विद्यालयों में निर्माण कार्य शुरू हो गए हैं।

रात्रि चौपाल

टिहरी के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कल देर शाम चंबा की निवर्तमान प्रमुख व ब्लॉक प्रशासक शिवानी बिष्ट और जनप्रतिनिधियों के साथ ग्राम पंचायत नकोट में रात्रि चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अधिकारियों द्वारा विभिन्न विकास खंडों के सुदूर गांवों में 'जन सेवा' थीम पर 22 से 30 मार्च तक इसी तरह रात्रि चौपाल लगाई जा रही हैं। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए मनरेगा, समाज कल्याण, बाल विकास, चिकित्सा सहित विभिन्न विभागों द्वारा क्षेत्र में किए गए कार्यों की जानकारी ली।

वहीं, ग्रामीण प्रमिला मखलोगा ने बताया कि नकोट बाजार, कई ग्राम सभाओं का केंद्र बिंदु है और यहां पर बच्चों के लिए सुविधाएं नहीं हैं। उन्होंने बच्चों के लिए पार्क और कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था करने की जिलाधिकारी से मांग की।

खाद्य सुरक्षा विभाग

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बागेश्वर जिले के विभिन्न जूस सेंटरों पर छापेमारी की। इस दौरान कई दुकानों से सैंपल लिए गए और सफाई व्यवस्था की जांच की गई। कुछ दुकानों को तत्काल नोटिस दिया गया, जबकि संदिग्ध सैंपलों को जांच के लिए रूद्रपुर प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनीत कुमार ने कहा कि गर्मी के मौसम में मिलावटी और खराब पेय पदार्थ लोगों की सेहत के लिए खतरनाक हो सकते हैं। इसके लिए प्रशासन लगातार निगरानी करेगा और किसी भी अनियमितता पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि वे जूस या ठंडे पेय पदार्थ खरीदते समय साफ–सफाई और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।